**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.07.2024 1945बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- प्रदेश के 3 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज– मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– विकास कार्यों पर तालाबंदी कांग्रेस की निशानी।
- भारत सरकार के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत तीन महीने का संपूर्णता अभियान आज से शुरू– आकांक्षी ज़िला चंबा में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।
- प्रदेश के कई स्थानों पर मॉनसून की ज़ोरदार बारिश का क्रम जारी– शिमला, सिरमौर और मंडी ज़िलों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी– लोगों को एहतियात बरतने की सलाह।

## चुनाव प्रचार

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब 6 दिन शेष रह गए हैं, ऐसे में चुनाव प्रचार तेज़ हो गया है। भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं द्वारा वोट मांग रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

आज देहरा विधानसभा क्षेत्र के त्रिपल, डोहग, पलोटी, मायोली, पाईसा, दरकाटा, नौशेहरा, सयोती खुर्द, बनखंडी सहित कुछ अन्य स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं कर कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर के पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरा विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना मेरा दायित्व है, क्योंकि ये अब मुख्यमंत्री का चुनाव क्षेत्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की जनता पर उपचुनाव थोपे हैं और निर्दलीय विधायकों सहित कांग्रेस के 6 विधायकों ने भाजपा के साथ मिलकर चुनी हुई कांग्रेस सरकार को गिराने का षड़यंत्र रचा। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देहरा से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने पैसे के लालच में इस्तीफा दिया और देश के इतिहास के पहली बार कोई निर्दलीय विधायक अपना इस्तीफा स्वीकार करने के लिए धरने पर बैठा। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि होशियार सिंह ने विधायक रहते हुए अपनी निधि से जनता के विकास के लिए कोई पैसा खर्च नहीं किया। उन्होंने कहा कि देहरा की जनता राजनीतिक मंडी में बिकने वालों को इस उपचुनाव में सबक सिखाएगी।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश में अस्थिरता के दौर के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को दोषी ठहराया है। आज हमीरपुर में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार विधायकों पर निराधार आरोप लगाते रहे, जिससे आहत होकर उन्होंने इस्तीफे देने का निर्णय लिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि उपचुनाव में हार के डर से विधानसभा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ने तीन महीने तक निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार नहीं किए। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने हमीरपुर ज़िले को मैडिकल कॉलेज, आई.पी.एच. और लोक निर्माण विभाग की डिविजन, मिनी सचिवालय व फोरलेन जैसी कई परियोजनाएं दी हैं जबकि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर से कई संस्थानों को डि–नोटिफाई कर लोगों के

साथ धोखा किया है। इस बीच जयराम ठाकुर ने हमीरपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के समर्थन में सासन, धनेड़, बलोह और डिडवीं–टिक्कर में जनसभाओं को भी संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने डेढ़ साल में झूठ बोलने का रिकॉर्ड बनाया है और इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है, जबकि कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि सरकार के संरक्षण में माफिया पैर पसार रहा है और आए दिन घोटालों की संख्या बढ़ रही है।

**अनुराग ठाकुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में विकास कार्यों पर तालाबंदी कांग्रेस की निशानी है। नालागढ़ विधानसभा उपचुनाव में आज क्षेत्र के नालागढ़–दतोवाल, बरूना, बैरकशा व नंड में जनसंपर्क और जनसभा के माध्यम से उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के.एल. ठाकुर के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए ये बात कही। बाद में अनुराग ठाकुर ने नालागढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि हिमाचल में जब–जब कांग्रेस सत्ता में आती है, विकास कार्य ठप्प हो जाते हैं और कब्ज़ा बढ़ना शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि के.एल.ठाकुर ने भाजपा की डबल इंजन की सरकार के समय नालागढ़ में करीब 5 सौ 50 करोड़ रूपये के विकास कार्य लाने का काम किया, लेकिन कांग्रेस की सरकार ने सत्ता में आते ही दुर्भावना से ग्रसित होकर विकास कार्यों पर तालाबंदी करने का काम किया है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार अपने ही उद्योगों को चौपट करने में लगी है, जबकि उन्होंने ट्रक यूनियन के अनुरोध पर मध्य प्रदेश की सरकार से बात कर एंट्री टैक्स बंद कराकर प्रति ट्रक 25 सौ रूपये का फायदा कराने का काम किया है। उन्होंने आरोप लगाया

कि कांग्रेस सरकार ने झूठी गारंटियां देकर केवल जनता को ठगने का काम किया है।

**सम्पूर्णता अभियान**

भारत सरकार के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत नीति आयोग द्वारा आज से 30 सितम्बर तक 3 महीने का सम्पूर्णता अभियान शुरू किया गया। प्रदेश के आकांक्षी ज़िला चंबा में भी इस अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने संपूर्णता अभियान के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए एक जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्कूली बच्चों ने स्लोगन के माध्यम से लोगों को अभियान के बारे में जानकारी दी। बाद में चंबा स्थित बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व आशा वर्करों को उपायुक्त ने शपथ दिलाई और संपूर्णता अभियान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उपायुक्त ने इस अभियान से लोगों को जोड़ने के लिए हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत करने के साथ सैल्फी बूथ पर सैल्फी भी ली। बाद में उन्होंने विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों द्वारा लगाए गए फूड स्टॉलों का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने बताया कि चंबा ज़िला के आकांक्षी ब्लॉक पांगी और तीसा में संपूर्णता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**विक्रमादित्य**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि कांग्रेस सरकार सड़कों के निर्माण व रख–रखाव को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि बरसात के कारण सड़कों में पानी की निकासी बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के लिए विभाग को विशेष ध्यान देने को कहा गया है। वे आज नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से

उपचुनाव के लिए पार्टी प्रत्याशी हरदीप सिंह बाबा के पक्ष में कवारणी, भोणी और जोहड़ी सहित अन्य स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि 3 पूर्व निर्दलीय विधायकों ने नालागढ़, देहरा व हमीरपुर क्षेत्र के लोगों के विश्वास को तोड़ा है और अब भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

**<u>हर्षवर्धन चौहान</u>**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने सिरमौर ज़िला के मेधावी विद्यार्थियों को शाइनिंग स्टार अवार्ड से सम्मानित किया। निजी समाचार नेटवर्क द्वारा नाहन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विभिन्न स्कूलों के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 3 सौ 98 विद्यार्थियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए अनेक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में एक–एक राजीव गांधी मॉडल डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे और 18 विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे स्कूलों के निर्माण के लिए 25 करोड़ रूपये जारी किए गए हैं।

**<u>मौसम</u>**

हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है और बीती रात से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के कई हिस्सों में जोरदार बारिश का क्रम जारी है। भारी बारिश के कारण मंडी जिला में बंद हुई एक सौ 62 सड़कों को बहाल करने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर ने बताया कि अब तक एक सौ 3 सड़कों को बहाल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मंडी ज़िले में पिछले 2 दिन में बारिश से लोक निर्माण, जलशक्ति और विद्युत

विभाग को 10 करोड़ 81 लाख रूपये का नुकसान हुआ है और एक महिला की मौत हुई है। राठौर ने बताया कि मंडी–पंडोह सड़क को भी सुचारू कर दिया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने प्रदेश में अगले दो–तीन दिन भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान 3 ज़िलों शिमला, सिरमौर और मंडी में फलैश फ्लड की भी चेतावनी जारी की है। विभाग ने एडवाइज़री जारी कर लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और नदी–नालों से दूर रहने की सलाह दी है।

## अवार्ड

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के "एक युद्ध नशे के विरूद्ध" संयुक्त कार्य योजना के कार्यान्वयन में ऊना जिला पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ आंका गया है। ऊना जिला को इस उपलब्धि पर गत 30 जून को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में पुरस्कृत किया गया है। इस पुरस्कार को ऊना के उपायुक्त जतिन लाल ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से प्राप्त किया है।

## शिविर

लाहौल–स्पिति ज़िले के जिस्पा स्थित पर्वतारोहण संस्थान के उप–केंद्र में महिलाओं के लिए आयोजित 10 दिवसीय एडवेंचर्स कैम्प आज संपन्न हुआ। कैम्प में हरियाणा राज्य के राष्ट्रीय सेवा योजना की 60 महिला प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उपायुक्त राहुल कुमार ने समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर प्रतिभागियों को महत्वपूर्ण टिप्स प्रदान किए।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश के 3 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए प्रचार हुआ तेज– मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने देहरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मांगे वोट।
- पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा– विकास कार्यों पर तालाबंदी कांग्रेस की निशानी।
- भारत सरकार के आकांक्षी ज़िला कार्यक्रम के तहत तीन महीने का संपूर्णता अभियान आज से शुरू– आकांक्षी ज़िला चंबा में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।
- प्रदेश के कई स्थानों पर मॉनसून की ज़ोरदार बारिश का क्रम जारी– शिमला, सिरमौर और मंडी ज़िलों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी– लोगों को एहतियात बरतने की सलाह।